# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांक: छा०क०–105/25 दिनांक 08/08/2025

सेवा में,

**प्रधानाचार्य,**

सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,

ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषयः– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2025–29 (सी0बी0सी0एस0) में पूर्व आवेदित अनामांकित अभ्यर्थियों एवं दिनांक– 01.08.2025 से 05.08.2025 तक विषय परिवर्तित/महाविद्यालय परिवर्तित (Slide-up) किये अभ्यर्थी तथा नव ऑनलाईन आवेदित अभ्यर्थियों का मेघा–अंक और उनके द्वारा चयनित महाविद्यालय के आधार पर प्रकाशित तृतीय चयन सूची के अनुसार नामांकन के संबंध में।**

**महाशय/महाशया,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र– 2025–29 सी0बी0सी0एस0 में पूर्व आवेदित अनामांकित अभ्यर्थियों एवं दिनांक– 01.08.2025 से 05.08.2025 तक विषय परिवर्तित/महाविद्यालय परिवर्तित (Slide-up) किये अभ्यर्थी तथा नव ऑनलाईन आवेदित अभ्यर्थियों का मेघा–अंक एवं उनके द्वारा चयनित महाविद्यालय वरीयता (Merit cum-Choice) के आधार पर नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची विश्वविद्यालय के बेवसाईट www.lnmu.ac.in पर जारी कर दी गयी है।

तृतीय चयन सूची में चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन ***दिनांक– 11.08.2025 से 14.08.2025 तक*** आवंटित महाविद्यालय में ही लिया जाय। अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) आवेदन आई–डी (Application I.D) एवं जन्म तिथि (Date of Birth) या यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना सेलेक्शन लेटर डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि जिन विषयों में सीट रिक्त है उन सीटों पर तृतीय सूची में चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे। पूर्व में प्रथम एवं द्वितीय चयन सूची के आधार पर डाउनलोडेड चयन–पत्र के आधार पर नामांकन नहीं लिया जायेगा। केवल तृतीय चयन सूची के तहत डाउनलोड किये हुए चयन–पत्र के आधार पर ही नामांकन लिया जाय। नामांकन हेतु सभी आवश्यक कागजातों की जाँचोपरान्त ही अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। नामांकन से संबंधित अन्य बातें पत्रांक– छा0क0– 78/25 दिनांक– 03.07.2025 पत्र के अनुरूप यथावत रहेंगी।



8/8/25

*नोटः–*

1. *प्रधानाचार्य नामांकित अभ्यर्थियों का डैस–बोर्ड पर दिनांक– 18.08.2025 के 2:00 बजे अपराह्ण तक निश्चित रूप से अपडेट कर लेंगे, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा **Dash Board** पर ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से **Update** नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित अभ्यर्थी नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए। तृतीय चयन सूची के आधार पर लिये गये नामांकन के उपरान्त रिक्त सीट पर विश्वविद्यालय द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जायेगी साथ ही निदेशित किया जाता है कि स्वीकृत सीट से अधिक नामांकन नहीं लेंगे, अगर सीट से अधिक नामांकन लेते है तो राज्यादेश का उलंघन माना जायेगा एवं इसकी सूचना राज्य सरकार को दे दी जायेगी एवं वैसे अभ्यर्थी का किसी भी परिस्थिति में पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य की होगी।*
2. *प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सूची में नामांकन के उपरान्त किसी अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त होने की स्थिति में ऐसे अभ्यर्थियों की सूची दिनांक– 18.08.2025 तक निश्चित रूप से अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे।*

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

अशोक 08.8.25

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण

8/8/25